N.11: आरआरकेट में माह जनवरी, 2016 से जून, 2016 तक की अवधि के दौरान हिन्दी के प्रचार–प्रसार से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ

(1) हिन्दी गतिविधियाँ – आरआरकेट में राजभाषा गतिविधियों के तहत समय–समय पर राजभाषा प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2016 में जनवरी से जून माह में दो हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन क्रमशः 05.02.2016 एवं 19 व 20 मई 2016 को किया गया। दिनांक 05.02.2016 को आयोजित कार्यशाला में 14 वृत्तिकाभोगी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया एवं 19 व 20 मई को आरआरकेट में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 4 अधिकारियों एवं 36 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। हर तिमाही में आयोजित की जाने वाली राभाकास की बैठक का आयोजन दिनांक 17.02.016 एवं दिनांक 25.05.2016 को किया गया।

पिछले वर्ष हिन्दी माह के दौरान आयोजित की गई 10 विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण दिनांक 11 मई 2016 को किया गया, जिसमें कर्नल तम्मय्या उड्डपा (सेवानिवृत्त), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय प्रबंध संस्थान, इन्दौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

हिन्दी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए श्री कर्नल तम्मय्या उड्डपा (सेवानिवृत्त), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय प्रबंध संस्थान, इन्दौर

(2) गृह पत्रिका 'प्रगति' का लोकार्पण – आरआरकेट की गृह पत्रिका 'प्रगति' का लोकार्पण दिनांक 29 फरवरी 2016 को आरआरकेट के स्थापना दिवस पर भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार, डॉ. आर. चिदंबरम के कर कमलों द्वारा हुआ।

(3) आरआरकेट को राजभाषा शील्ड – वर्ष 2014–15 के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई द्वारा आरआरकेट में राजभाषा प्रचार–प्रसार एवं सर्वोत्तम राजभाषा कार्य निष्पादन हेतु प्रथम पुरस्कार के रूप में राजभाषा शील्ड, श्री संजीव सूद, संयुक्त सचिव (उद्योग एवं खनिज) एवं अध्यक्ष, राभाकास, परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा दिनांक 31 मई 2016 को मुंबई में आयोजित अखिल भारतीय परमाणु ऊर्जा विभाग, राजभाषा सम्मेलन के दौरान केन्द्र को प्रदान की गई।

राजभाषा शील्ड प्रदान करते हुए श्री संजीव सूद, संयुक्त सचिव (उद्योग एवं खनिज), परमाणु ऊर्जा विभाग।

प्रस्तुति :
मनोज कुमार शर्मा
(manojsharma@rrcat.gov.in)